परीक्षा विभाग

शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 6633 /परीक्षा/2026 **दिनांक : 13.04.2026**

महत्वपूर्ण आवश्यक सूचना : सेमेस्टर मुख्य परीक्षा मई-जून 2026

बी.एस-सी. षष्ठम/अष्ठम सेमेस्टर/बीसीए षष्ठम सेमेस्टर/एम.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, मई-जून 2026 के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन-पत्र भरने हेतु

सत्र 2025-26 हेतु जारी किये गये अकादमिक केलेण्डर के अनुसार उपर्युक्त कक्षाओं की सेमेस्टर मुख्य परीक्षाएँ 28 अप्रेल 2026 से प्रस्तावित हैं। अतः उपरोक्त कक्षाओं के समस्त विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.collegeholkar.org पर स्वयं की **Profile** पर जाकर दिये गये निर्देशों का सूक्ष्म अवलोकन करें एवं निर्देशों का पूर्णतया पालन करें। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को चार भागों में विभाजित किया गया है। इन चारों भागों को पूर्ण रूप से भरें तत्पश्चात् **Profile** पर विद्यार्थी का प्रवेश पत्र एवं फीस रसीद प्रदर्शित होगी।

1. जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों को पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का स्टेट्स **(Status)** स्वयं **Profile** पर निर्धारित स्थान पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा।
2. ऐसे समस्त विद्यार्थी जो जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना में नहीं आते हैं एवं उन्होंने पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का पूर्ण शुल्क जमा किया है, उनकी समस्त शुल्क रसीद स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित होगा।
3. ऐसे समस्त विद्यार्थी जो जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना में नहीं आते हैं एवं उन्होंने पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का पूर्ण शुल्क जमा नहीं किया है, तो उन्हें स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित शेष शुल्क ऑनलाइन **Paytm** के माध्यम से जमा करने के पश्चात् ही उनकी समस्त शुल्क रसीद स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित होगा।
4. समस्त विद्यार्थियों को उनके प्रवेश पत्र **(Admit Card)** महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय एवं परीक्षा विभाग से परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकृत होने के पश्चात् ही स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित होंगे।

बी.एस-सी. षष्ठम / अष्ठम सेमेस्टर / बीसीए षष्ठम सेमेस्टर / एम.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त कक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की **तिथि 13.04.2026 से 20.04.2026 तक** बिना विलम्ब के साथ निर्धारित की गई है। संबंधित विद्यार्थी निर्धारित दिनांक तक परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरने वाले विद्यार्थियों को मुख्य सैद्धांतिक परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी। **निर्धारित दिनांक के पश्चात् प्रथम सप्ताह तक रूपये 250/-, द्वितीय सप्ताह तक रूपये 500/- तथा रूपये 1000/- विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा तिथि के अंतिम दिवस तक जमा किये जा सकेंगे।**

यदि विद्यार्थी का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र अस्वीकृत **(Reject)** होता है तो उसे स्वयं की **Profile** पर अस्वीकृत **(Reject)** होने का कारण प्रदर्शित होगा। इस संबंध में परीक्षा विभाग के **IT Cell** पर तत्काल संपर्क करें।

नोटः-

1. समस्त विद्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात् अपनी स्वयं की **Profile** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
2. विद्यार्थी स्वयं की **Profile** पर जाकर **Paytm** के माध्यम से ही शेष शुल्क जमा करें। **SBI Collect** के माध्यम से जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा।
3. शेष शुल्क भरने के पश्चात् जिन विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र **(Admit Card)** नहीं दिख रहे हैं वे परीक्षा विभाग की **IT Cell** पर तुरन्त संपर्क करें।

परीक्षा नियंत्रक	प्रशासनिक अधिकारी	प्राचार्य
होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर	होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर	होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

महाविद्यालय के हरित पहल के लिए किये जाने वाले नवाचार (कागज एवं पेड़ की बचत) के अन्तर्गत समस्त परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन ही लिये जावेंगे।